बर्षः- 05
अंकः- 331
मुरादाबाद
(Friday)
27 March 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## रामनवमी की शुभकानाएंः राष्ट्रपति, पीएम और रक्षा मंत्री ने मर्यादा पुरुषोत्तम को प्रेरणा बताया

रामनवमी के त्योहार पर राष्ट्रपित द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्रियों ने शुभकामनाएं दी। सभी ने राम को मर्यादा पुरुषोत्तम बताया है। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा देने का निर्देश दिया है। देश में लोग धूमधाम से रामनवमी का पर्व मना रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर कई मंत्रियों ने रावनवमी की शुभकामनाएं दी है। सभी ने अपने एक्स पर राम भगवान का वीडियो शेयर करते करते हुए पोस्ट लिखा है। राष्ट्रपति





द्रौपदी मुर्मू ने रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा सभी देशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं! यह त्योहार हमें न्याय,कर्तव्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन से त्याग, समरसता और आदर्श जीवन-मूल्यों का अनमोल संदेश मिलता है। आइए, उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए हम रामराज्य की परिकल्पना के अनुरूप, एक समृद्ध, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलजुल कर कार्य करें। सभी देशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं! यह त्योहार हमें न्याय,कर्तव्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन से त्याग, समरसता और आदर्श जीवन-मूल्यों का अनमोल संदेश मिलता है।प्रधानमंत्री मोदी ने दी शुभकामनाएं- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर में पूजा करते हुए अपने वीडियो को शेयर करके लिखा, देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं। त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे। मेरी कामना है कि भगवान राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो।रक्षा मंत्री ने सभी के लिए शांति, समृद्धि, सुख का कामना की- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी राम नवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने %क्स पर लिखा, प्रभु श्रीराम की कृपा से सभी के जीवन में शांति, समृद्धि और सुख का वास हो। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और लोककल्याण की सर्वोच्च प्रेरणा है। उनका आदर्श शासन, न्याय, समानता और जनकल्याण का प्रतीक रहा है, जो आज भी हमारे समाज और देश के लिए पथ प्रदर्शक है। आइए, हम भगवान राम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए एक सशक्त, समरस, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लें। जय सिया राम।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दी शुभकामनाएं-वहीं, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, देश के सभी परिवारजनों को आस्था, मर्यादा और धर्म के पावन पर्व रामनवमी की अनंत शुभकामनाएं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का जीवन हमें सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी कृपा से आपके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अखिलेश यादव पर किया पलटवार, बोले- सपा के गुंडों-माफियाओं पर चल रहा बुलडोजर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा के एक्स पर दिए गए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जिनका माफिया और दंगाइयों से नाता रहा है वो लोग बुलडोजर से डरते हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि पीडीए का राग अलापने वाले सपाइयों को सच सुनने की आदत डालनी चाहिए। सपा का तथाकथित पीडीए सामाजिक न्याय का अभियान नहीं, बल्कि परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी है। इसका मकसद सिर्फ एक परिवार के राजनीतिक हितों और वंशवादी राजनीति को आगे बढ़ाना है।दरअसल, अखिलेश ने एक्स पर लिखा था कि %भाजपाइयों को सोते-जागते सिर्फ पीडीए ही सुनाई और दिखाई देता है। लोकसभा में हार की हताशा और आने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के डर से ये पीडीए का नाम सुनते ही कांपने लगे हैं।%इसी बयान पर पलटवार करते हुए चौधरी ने कहा कि बुलडोजर से डर उन्हें लगता है जिनका माफिया और दंगाइयों से नाता रहा है। पाले उन गुंडों और भू माफिया पर चल रहा है जिन्होंने वर्षों तक गरीबों का हक मारा और अवैध कब्जे किए। आज प्रदेश में कानून का राज है और अपराधियों पर कार्रवाई हो रही है। यही सपा को चुभ रहा है। सपा के जंगलराज में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक ही सबसे ज्यादा प्रताड़ित हुए।

## अखिलेश यादव का तंज, बोले- यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस, भाजपा ने लोगों को लाइन में लगाया

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कोई तैयारी नहीं की है। यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस हो गया है। यूपी में एलपीजी की किल्लत को लेकर गैस एजेंसियों के सामने लगी लंबी लाइनों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलिंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है। यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस है। गैस न मिलने से लोगों को खाना बनाने के लिए गैस और चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक कचौरी एक समोसा अब गैस पर न रहा भरोसा। सुना है कोयले पर चाय और रोटी अच्छी बनती है। कई लोग स्मोक्ड फूड पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संसद में कोरोना का जिक्र किया है तो उनके पास जानकारी होगी। पड़ोसी देशों



ने एनर्जी सेविंग के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जब तक भाजपा रहेगी देश को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी। उन्होंने यूपी सरकार के दिए गए बयान कि गैस की कोई कमी नहीं है पर कहा कि योगी की बातों में न आएं उनकी चलाचली की बेला है। वो योगी नहीं हैं। उन्होंने शंकराचार्य का अपमान किया है उनसे सावधान रहें।गोमती रिवर फ्रंट पर सम्राट अशोक की प्रतिमा लगाएंगे- अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी में सपा की सरकार आने पर हम गोमती रिवर फ्रंट पर सम्राट अशोक की भव्य प्रतिमा लगाकर उन्हें सोने के सिंघासन पर प्रतिष्ठित कराएंगे। उन्होंने बौद्ध धर्म को देश-विदेश में पहुंचाया। एमओयू को लेकर यूपी सरकार की पोल खुली- अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के बड़े-बड़े दावे करती है। सुबह सुबह सीएम का ट्वीट अंग्रेजी में आया। कुछ दिन पहले उनकी पोल एक एमओयू को लेकर खुल गई। पूरे देश में उनकी चर्चा हुई। हम सभी एमओयू की जांच की मांग करते हैं। एमओयू करने वाली कंपनी का कोई फाइनेंशियल बैकग्राउंड नहीं है। भाजपा का राज इवेंट पर चलता है। हिटलर राज में एक प्रोपेगेंडा मंत्री था लेकिन भाजपा सरकार में केंद्र और प्रदेश के सभी मंत्री प्रोपोगेंडा मिनिस्टर हैं। सभी खुद को पीएम समझते हैं। नवरात्र खत्म हो रहे हैं लेकिन भाजपा अभी उधेड़बुन में है कि किसे मंत्री बनाएं? अब सरकार का कार्यकाल खत्म हो रहा है। भाजपा के लोग पीडीए से डरे हुए हैं सपा पीडीए को जोड़कर आगे बढ़ने जा रही है। महिला आरक्षण का मुद्दा सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए, सपा देगी 40 हजार हर साल- अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महिलाओं के आरक्षण की बात कर रही है। इन लोगों ने यूपी विधानसभा और लोकसभा में कितनी महिलाओं को टिकट दिया। बंगाल में कितनी महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अब ध्यान भटकाने के लिए नई चीज लेकर आ रहे हैं जिससे उस पर बात हो। सपा की मांग है कि सभी जातियों की गिनती हो और उसी अनुपात में आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार आने पर महिलाओं के लिए स्त्री सम्मान समृद्धि योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये दिए जाएंगे। भारत ने विश्वगुरू बनने का मौका खोया- अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान युद्ध में भारत ने विश्वगुरू बनने का मौका खोया है। हमने दोनों देशों से बड़ा व्यापार किया है। व्यापार के साथ डिप्लोमेसी चलती है।

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रामलला के दर्शन-पूजन किया, बोले- रामनवमी पर अयोध्या आना मेरा सौभाग्य




कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने रामलला के दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर कहा कि रामनवमी पर अयोध्या आना मेरा सौभाग्य है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह रामनवमी के अवसर पर रामनगरी अयोध्या पहुंचे। यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने राम जन्मभूमि में रामलला के दर्शन-पूजन किया। साथ ही हनुमानगढ़ी में भी माथा टेका। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत की।दिग्विजय सिंह ने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या आना उनका सौभाग्य है। हमने देशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राम मंदिर विरोध के आरोपों को खारिज किया।उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण में 1,11,000 रुपये का सहयोग दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों (अमेरिका-ईरान तनाव, पेट्रोल-डीजल) पर टिप्पणी से इनकार किया। कहा कि धार्मिक यात्रा पर हूं। आज राजनीति की कोई बात नहीं।

## जयशंकर के पाकिस्तान वाले बयान पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, जयराम रमेश बोले- गले लगाने वाली कूटनीति फेल

जयशंकर के पाकिस्तान को दलाल देश कहने पर कांग्रेस ने मोदी सरकार की गले लगाने वाली कूटनीति को विफल बताया। कांग्रेस ने कहा कि आज पाकिस्तान मध्यस्थ बन रहा है और भारत कमजोर दिख रहा है। सरकार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भारत इस मामलो को लेकर पूरी तरह से सक्रिय है।पश्चिम एशिया संकट को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर के पाकिस्तान को दलाल देश कहने वाले बयान पर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। कांग्रेस ने इस बयान को आधार बनाकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है और कहा है कि गले लगाने वाली कूटनीति पूरी तरह फेल हो चुकी है। कांग्रेस का आरोप है



कि आज हालात ऐसे हो गए हैं कि एक कमजोर देश भी दलाल बनने की स्थिति में दिख रहा है, जो भारत की विदेश नीति पर सवाल खड़े करता है।सरकार की ओर से बैठक में कहा गया था कि पाकिस्तान की मध्यस्थता कोई नई बात नहीं है और वह 1981 से अमेरिका के लिए ऐसी भूमिका निभाता रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत दलाल देश नहीं है और अपनी स्वतंत्र नीति पर चलता है। सरकार ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से कहा है कि इस्राइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध जल्द खत्म होना चाहिए क्योंकि इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार की गले लगाने वाली कूटनीति विफल रही है। उनका कहना है कि पहले जिन देशों के साथ नजदीकी दिखाई गई, उसी के बावजूद आज पाकिस्तान जैसे देश को मध्यस्थता का मौका मिल रहा है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी सवाल उठाया कि जब भारत ने रूस-यूक्रेन के बीच मध्यस्थता की कोशिश की थी, तब क्या भारत ब्रोकर देश था। उन्होंने इसे सरकार की दोहरी सोच बताया।

## एअर इंडिया की लंदन जाने वाली फ्लाइट सात घंटे बाद दिल्ली लौटी, 1350 विमान में तकनीकी खराबी कारण

एअर इंडिया के एक और विमान में तकनीकी खराबी की खबर सामने आ रही है। खबर है कि लंदन जा रहे एक विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे दिल्ली लौटना पड़ा है।एअर इंडिया से जुड़ी एक और चिंता वाली खबर सामने आई है। गुरुवार दोपहर को एअर इंडिया की दिल्ली से लंदन के हीथ्रो जाने वाली उड़ान में तकनीकी खराबी आ गई। इसके कारण विमान को उड़ान भरने के घंटों बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। इस घटना से यात्रियों को न केवल अप्रत्याशित असुविधा का सामना करना पड़ा बल्कि एयरलाइन के बेड़े में हाल ही में शामिल किए गए आधुनिक विमानों की हालत पर भी



सवाल खड़े हो गए।गुरुवार सुबह लगभग छह बजे, एअर इंडिया की उड़ान संख्या AI111 ने दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरी थी। फ्लाइट ट्रैकिंग व`बसाइट Flightradarwy.com पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, विमान जब सऊदी अरब के हवाई क्षेत्र में था, तब इसे वापस मोड़ने का बड़ा निर्णय लिया गया। इस निर्णय से पहले विमान लगभग चार घंटे तक हवा में रह चुका था। वापसी की यात्रा को मिलाकर, यह विमान कुल सात घंटे तक हवा में रहने के बाद दोपहर करीब 12.30 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित वापस उतर गया। सूत्रों ने जानकारी दी है कि उड़ान के दौरान विमान के अंदर कुछ आवाजें सुनी गई थीं, जिसके बाद यह मार्ग बदलने का फैसला किया गया। इस उड़ान में कुल कितने यात्री सवार थे, फिलहाल इसकी सटीक जानकारी नहीं मिल पाई है। एअर इंडिया ने आधिकारिक बयान में क्या कहा? इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान की वापसी का फैसला एहतियात के तौर पर लिया गया। सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

संपादकीय Editorial

## A Top-Up Meeting on Alternatives

Prime Minister Modi, for the first time since the Iran war, held discussions with 13 of his senior ministers to review the situation. The government is concerned and making efforts to ensure the uninterrupted supply and availability of essential commodities, including petrol, diesel, gas, fertilizers, and other essential commodities across the country. This is a welcome gesture. The Prime Minister has directed the formation of a group of ministers and secretaries to ensure coordination at all levels and minimize inconvenience to the common man. Discussions were also held on exploring alternative sources of imports and exports, as the Gulf countries will remain uncertain and unstable for India even after the war. Threats remain, so alternative supply chains are the only option. India has now attempted to establish alternatives from countries like Australia, New Zealand, Canada, Algeria, the Netherlands, and Norway. Prime Minister Modi has spoken by phone with the heads of state, heads of government, kings, and emirs of Iran, Israel, Malaysia, Jordan, Oman, Qatar, Kuwait, Saudi Arabia, and the United Arab Emirates. It is clear that the Prime Minister has shared his concerns and concerns and repeatedly advocated for peace, stability, and diplomacy. Heads of state and government from countries like France, Germany, Finland, Spain, and Switzerland have repeatedly urged Prime Minister Modi that India can successfully mediate between war-torn countries, as the United States, Israel, and Iran are India's allies. India is the world's largest market and a meaningful democracy, so India's role is universally accepted. India also chairs the BRICS countries, and as such, it can persuade those countries to play a significant role in a ceasefire. Prime Minister Modi should certainly make efforts in this regard. While the Prime Minister and ministers may have discussed various options, our curiosity, not a serious question, is why a country with a population of over 1.47 billion, even after 78 years of independence and sovereignty, has not become self-sufficient in crude oil, gas, and fertilizers. Smaller countries possess infinite reserves of oil and gas. Is India facing a "drought" in terms of oil and gas? The Petroleum Ministry has consistently revealed a 40 percent increase in LPG production. India already produces 40 percent of its LPG needs. If such an increase in LPG production can be achieved in just 20-22 days, we could produce 70-80 percent of our gas needs! The government must provide clarification on this. When the BJP came to power at the center in 2014, it stated in its manifesto that it would undertake comprehensive reforms in energy security and production. Today, India has to import approximately 88.6% of its crude oil, 60-66% of its gas, and approximately 65% ??of its fertilizers. The situation has only worsened. Why is India so dependent and needy that the closure of a sea route due to war causes a gas crisis in the country? India's import bill could reach ?105,000 crore. Undoubtedly, there is a serious shortage of domestic and commercial LPG in the country. The government also acknowledges the situation is worrying. This statement comes from Sujata Sharma, Joint Secretary of the Ministry of Petroleum and Natural Gas. Hoarding and black marketing of LPG is ingrained in our culture. We have always considered it a part of business. What legal action has been taken against the "black sheep" who seized the gas cylinders during the raids? Why hasn't the NSA been imposed on them?

# The Challenge of Avoiding the Heat of War

India is the world's third-largest pharmaceutical producer and the number one producer of generic medicines. India has foreign exchange reserves of over $700 billion, enabling it to easily weather any economic risk. The government is ensuring uninterrupted supplies of essential commodities. India has large food and foreign exchange reserves. A 'Relief' scheme has been launched to provide relief to exporters. In view of the West Asia crisis, a meeting of the Cabinet Committee on Security, chaired by the Prime Minister, considered all possible measures to ensure the availability of essential necessities such as petrol, diesel, gas, electricity, fertilizers, etc. Since the war in West Asia is affecting the entire world, it is natural for the government to focus on ensuring uninterrupted supplies, stable logistics, and efficient distribution across the country. The Modi government will need to coordinate appropriately with states to prevent black marketing and hoarding of essential commodities. Additionally, new efforts will be made to promote the export of Indian goods, including developing new export destinations. The protracted war in West Asia is increasing the economic challenges for India, as well as the world. A recent report by Goldman Sachs lowered India's growth forecast for the fiscal year 2026-27 from 7 percent to 6.5 percent. ICICI Bank has also reduced its growth forecast for India from 7.5 percent to 7 percent. According to rating agencies, rising global crude oil prices and supply disruptions are expected to significantly increase India's energy import bill. Furthermore, challenges related to declining exports and rising inflation are also threatening the Indian economy's balance sheet. The escalating war between Iran and the US and Israel is exacerbating the disruption of the supply of cooking gas and commercial gas cylinders in many parts of the country. Exporters are also facing difficulties. The Sensex is declining and the rupee is depreciating against the dollar. Investors are withdrawing funds from the Indian market. The war is also beginning to impact India's financial markets. Investor wealth has declined, and the market capitalization (m-cap) of Indian companies has declined sharply. The previous such decline was seen in March 2020 during the COVID-19 pandemic. However, even amid the impact of the war, India possesses some significant economic advantages that are likely to protect the country's growth rate from a significant setback. The government has implemented the Essential Commodities Act and taken several strategic measures to control inflation and mitigate its impact on the common man, including increasing buffer stocks for essential food items, strategically selling food grains purchased in the open market, and facilitating essential imports. To provide relief to exporters, it has introduced the Resilience and Logistics Intervention for Export Facilitation (RELIEF) scheme. This scheme aims to assist exporters facing increased freight costs and insurance premiums, as well as war-related export risks. MSME exporters will be particularly benefited under this scheme. The government will also cover the insurance costs for goods exported to Gulf countries. It is also noteworthy that following diplomatic talks between India and Iran, Iran has allowed Indian-flagged oil and gas tankers to safely pass through the Strait of Hormuz. Despite rapidly rising global crude oil prices, the price of petrol and diesel has remained unchanged. Retail inflation is below the Reserve Bank's target of 4%. The country's vast food grain reserves, strategic reserves for petrol and diesel supplies, and adequate stocks of essential medicines are all visible as India's economic strengths. While record food grain production guarantees food for the common man, it also serves as the basis for food grain supply to many needy countries. Last year, a record production of 357 million tonnes of food grains was achieved, and this year, even higher production is expected. The Food Corporation of India estimates that approximately 18.2 million tonnes of wheat will be available in the central pool by April 2026. Currently, free food grains are being distributed to more than 800 million vulnerable people in the country. Six years ago, our food grain reserves were a major support in the fight against COVID. At a time when the Iran and Israel-US wars are driving up global food prices and disrupting food supplies, India's record food grain production is a welcome relief. India is working on alternative strategies to increase crude oil purchases from the US and Russia, among other countries. Previously, India purchased crude oil from 27 countries. Now, this number has increased to 40. Concerns regarding essential medicines are also reduced amid the war. India is the world's third-largest pharmaceutical producer and ranks first in generic medicine production. India has foreign exchange reserves of over $700 billion, enabling it to easily weather any economic risks.

# The Muslim Mind's Confusion

Pakistan maintains silence over the hundreds of Muslims killed in airstrikes in Afghanistan. Will this dilemma deepen in the future or take a new turn with the changing global reality? Indian Muslims are deeply conflicted by Iran's attacks. Disillusioned by Saudi Arabia's liberal reforms, the Muslim community is deeply connected to the Khilafat movement. The war between the US, Israel, and Iran has transformed West Asia into a battlefield. This is the first time in the past century that Muslims in the Indian subcontinent are at a loss. This is because, until now, they had a clear understanding of the so-called "threat" to Islam. Many Muslims sympathize with Iran, but they are unable to openly support this war because Iran, in response, is also injuring declared Islamic countries in West Asia and the Gulf with its airstrikes. Where should they go now? The Gulf countries bearing the brunt of Iran's wrath include the UAE, Qatar, Kuwait, Oman, Bahrain, Iraq, and Jordan, as well as Saudi Arabia, where Prophet Muhammad was born centuries ago, Islam took its religious form, and the Quran was revealed.

The holy Mecca and Medina are located here. Why aren't many Muslims in the Indian subcontinent calling Iran's aggression against Saudi Arabia and other Muslim countries an "attack on Islam"? The answer lies in the current political direction and leadership of the Gulf countries. Saudi Arabia's ruler, Mohammed bin Salman (MBS), whose family is the custodian of Mecca and Medina, has consistently blamed Iran's policies and its 1979 Islamic Revolution for the growing intolerance in the Islamic world since 2017. Ironically, Saudi Arabia has also been guilty of the very thing MBS is blaming Iran for. The Saudi regime has long opposed Sufism, Shia traditions, and the shrine tradition, enforcing a rigid interpretation of "Tawhid" (monotheism) influenced by radical Wahhabi-Salafi ideology. Powered by the petro-dollar, Saudi Arabia heavily funded mosques, madrasas, and Islamic institutions globally to spread this ideology. In the 1980s, the US, with the support of Saudi Arabia and Pakistan, promoted jihad in Afghanistan against the Soviet Union. Jihadist organizations like Al Qaeda and the Islamic State draw inspiration from the Wahhabi-Salafi ideological indoctrination. However, in the changing global landscape of the 21st century, the rise of alternative energy sources, the proliferation of electric vehicles, and structural changes in the global economy, Saudi Arabia seeks to break free from its medieval mindset and build a pragmatic, liberal, and coexistent society. Under MBS's leadership, Saudi Arabia is no longer a purely Sharia-based Islamic country. Upon assuming power, he declared, "We will not spend the next 30 years of our lives grappling with destructive ideas. We will eradicate them." Consequently, over the past decade, Saudi Arabia has been undergoing social reforms that are forbidden (haram) from a strictly Islamic perspective. These include promoting leisure tourism, allowing women to drive without a male guardian, increasing their participation in work, and reforming labor laws. Regulations that pose significant obstacles to coexistence are also being reformed. Two years ago, a grand Swaminarayan temple was built in the neighboring UAE. Bahrain has also allocated land for a Hindu temple. Indeed, after centuries, Gulf countries, including Saudi Arabia, are breaking free from the shackles of radical Islam. As Arab countries transform themselves into liberal, tolerant, and modern, a segment of Muslims in the Indian subcontinent is becoming disillusioned with these countries. It is important to understand the historical context of this. During World War I, when Britain invaded Turkey, whose ruler held the title of Caliph in the Islamic world, only the Muslims of undivided India agitated for the restoration of the Caliphate, in what we know as the bloody "Khilafat Movement." Southeast Asia (including Indonesia and Malaysia), where a significant number of Muslims resided, remained unaffected by the Khilafat Movement. The reasons for this are clear. Islam's spread in the Indian subcontinent was primarily through external invaders, leading to a strong political-imperialist consciousness among its Muslims. Whereas in Southeast Asia, this process developed through more peaceful trade and cultural exchange. Most Muslims in the Indian subcontinent are not only disconnected from their pre-Islamic roots but also despise them, whereas most Muslims in Southeast Asia maintain local cultural continuity. At that time, Indian Muslims saw the Ottoman Caliphate as a global Islamic power. At that time, the Muslim elite came to believe that defending the Caliphate was essentially an attempt to revive the Islamic flag in India, leading to massacres of Hindus in many parts of the country, including Malabar. In contrast, the question of Turkiye was a distant one for the Muslim communities of Southeast Asia. The gradual decline of Turkiye since World War I and the intervention of Western powers transformed the political geography of West Asia, giving rise to several Islamic countries. After World War II, the United States signed an "oil-for-security" agreement with Saudi Arabia and has strategic relations with almost all Gulf countries. This entire scenario is reflected in the Indian context. This exposes the deep internal conflict among Muslims in the subcontinent. The same Muslim community that reacts sharply to the Gaza incident or the US-Israeli bombing of Iran remains silent on the hundreds of Muslims killed in Pakistan's airstrikes in Afghanistan. Will this dilemma deepen in the future or take a new turn with the changing global reality?

# पत्नी बनी पराई, मजहबी सरहदें लांघ कर मुस्लिमों ने दी तेजपाल को अंतिम विदाई; अंजान ने निभाया बेटे जैसा फर्ज

पत्नी पराई बन गई। मजहबी सरहदें लांघ कर मुस्लिमों ने तेजपाल को अंतिम विदाई दी। बेझिझक कांधा देकर रामगंगा तक अर्थी पहुंचाई। अंजान युवक ने मुखाग्नि देकर बेटे जैसा फर्ज निभाया।हिंदू-मुस्लिम एकता की कई मिसालें पेश कर चुके अगवानपुर में बुधवार को गंगा-जमुनी तहजीब का एक और बड़ा उदाहरण सामने आया। पत्नी समेत अपनों की बेरुखी का लंबे समय से सामना कर रहे 76 वर्षीय तेजपाल सिंह ने अंतिम सांस ली तो भी उनके अपनों का दिल नहीं पसीजा। तलाकशुदा पत्नी के आने से इन्कार और गांव में कोई रिश्तेदार न होने से कस्बे के एक हिंदू युवक ने अपने हाथों उनकी अंत्येष्टि व मुखाग्नि का जज्बा दिखाया। साथ ही कस्बे के तमाम मुस्लिमों ने हिंदुओं के कंधे से कंधे मिलाकर बुजुर्गवार को ससम्मान अंतिम विदाई दी। इस प्रक्रिया पर होने वाले खर्च के चंदे में भी मुस्लिम भाइयों ने बिना संकोच योगदान दिया। बिजनौर जिले के मूल निवासी तेजपाल एक दौर में अगवानपुर पेपर मिल में इलेक्टीशियन का काम करते थे। इस काम के चलते ही वह अगवानपुरवासी बन गए थे। सन 97 में मिल में एक हादसे के दौरान उनकी टांगों में गंभीर चोट आई और देखते-देखते वह दिव्यांग हो गए। रोजगार का रास्ता बंद हो गया। आपसी मतभेद के कारण तेजपाल की पत्नी से भी दूरी बनती चली गई और मामला तलाक के फैसले तक पहुंच गया। संतान के नाम पर एकमात्र बेटी भी अपनी मां के साथ चली गई।







इसके बाद अकेले तेजपाल का सहारा बना एक मुस्लिम परिवार। अगवानपुर के आसिफ नामक शख्स ने पूरी तरह एकाकी हुए तेजपाल के खाने-नाश्ते की व्यवस्था अपने घर से शुरू करा दी। यही नहीं जरूरत पड़ने पर उनके लिए दवा का इंतजाम भी यही परिवार करता और बदले में कोई पैसा कभी नहीं लिया। बुधवार की सुबह करीब 10 बजे आसिफ का बेटा दस वर्षीय अमान रोज की तरह उनके लिए खाना लेकर गया।

आवाज देने पर भी न दरवाजा खुला, न भीतर से जवाब आया। घबराए अमान ने पड़ोसी को बताया। दोनों ने सटे मकान की छत से घर में झांका तो तेजपाल टॉयलेट में अचेत अवस्था में गिरे नजर आए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। चौकी प्रभारी कुलदीप शर्मा सिपाहियों के साथ आए। दरवाजा तोड़कर पुलिस भीतर दाखिल हुई तो देखा कि तेजपाल की सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने उनकी पत्नी और पैतृक गांव में फोन कर घटना की सूचना दी लेकिन पत्नी ने तलाक का हवाला देकर आने से इन्कार कर दिया। गांव से बताया गया कि उनके माता-पिता गुजर चुके हैं, जबकि कोई भाई-बहन है नहीं। गांव में उनका कोई खानदानी भी नहीं है।

इसके बाद आगे आए अगवानपुर के इंसानी रिश्तों की कद्र करने वाले लोग। हिंदू-मुस्लिम का फर्क मिटाकर दोनों समुदाय के कई जिम्मेदार लोगों ने आपसी आर्थिक सहयोग से उनकी अर्थी और अंत्येष्टि का सामान जुटाया। हिंदू परंपराओं के अनुसार विधिवत अर्थी तैयार करके अंतिम यात्रा निकाली और रामगंगा किनारे श्मशान की तरह इस्तेमाल होने वाले स्थान पर उनका दाह संस्कार किया।

कस्बे में ही रहने वाले मोनू ने मुखाग्नि की रस्म निभाई। अंतिम विदाई देते समय न सिर्फ बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद थे, बल्कि अर्थी को कांधा देने में भी पीछे नहीं रहे। दो धर्मों के बीच बात-बात पर विवाद और नफरत फैलाने की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच यह घटना अगवानपुर ही नहीं आसपास के क्षेत्र में भी चर्चा का विषय बनी है।

पूर्व में रमजान के दौरान नवरात्र की शुरुआत के वक्त भी दोनों धर्मों के लोगों ने एक-दूसरे की पूजा-इबादत में पूरी तरह सहयोगी रुख रखा था। कांवड़ यात्रा के दिनों में मुस्लिमों द्वारा शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा जैसे उदाहरण भी सामने आए थे।

आसिफ का परिवार 15 वर्ष से कर रहा था सेवा-मजहबी दायरे में सिमटने के बजाय एक बुजुर्ग की सेवा में दरियादिली दिखाने वाले आसिफ की तेजपाल सिंह से नजदीकी की कहानी भी काफी दिलचस्प है। कस्बे के लोगों ने बताया कि साल 2011 में तेजपाल ने अगवानपुर स्थित अपना मकान बेचा था, जिसे आसिफ ने खरीदा था। मकान बेचने के बाद तेजपाल एक परिचित के साथ कहीं चले गए थे। कुछ दिन बाद ही वापस आ गए और आसिफ से अपने बेचे मकान में ही रहने की इच्छा जताई। आसिफ ने न सिर्फ इस पर सहमति जताई बल्कि उनके नाश्ते-खाने के इंतजाम की जिम्मेदारी भी अपने परिवार को दे दी। इस परिवार ने दूसरे धर्म के अंजान से बने इस अपनेपन के रिश्ते को तेजपाल की अंतिम सांस तक निभाया भी।

... इसी मकान से उठेगी मेरी अर्थी- कस्बे के लोगों ने बताया कि जब तेजपाल सिंह ने बेचने के बाद भी अपने मकान में रहने की ख्वाहिश आसिफ से साझा की तो कहा था...मैं यहीं रहूंगा, मेरी अर्थी इसी मकान से उठेगी। आसिफ और कस्बे के बड़े दिलवाले मुस्लिमों ने उनकी इस बात का पूरा सम्मान रखा। हर किसी को अखरी विधिवत श्मशान घाट न होने की कमी- अगवानपुर के लोगों ने बताया कि कस्बे में हिंदू शवों के दाह संस्कार के लिए विधिवत श्मशान या कोई निर्धारित स्थान नहीं है। रामगंगा किनारे किसी भी उबड़-खाबड़ स्थान पर लोगों को अंत्येष्टि के लिए मजबूर होना पड़ता है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि श्मशान घाट न होने से नदी किनारे कच्चे या गड्ढों जैसे स्थानों पर अंत्येष्टि करनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हैं लेकिन जिम्मेदार श्मशान के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करा रहे। इसकी वजह से विधिवत श्मशान के लिए रिलीज बजट वापस हो जाता है।

# गैंगस्टर एक्ट में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक समेत तीन को सजा, भेजे गए जेल

गैंगस्टर एक्ट केस में मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं हिस्ट्रीशीटर ललित कौशिक समेत तीन को सजा सुनाई गई है। इसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।एडीजे-पांच/स्पेशल न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) रेशमा की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में मूंढापांडे के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं हिस्ट्रीशीटर ललित कौशिक समेत तीन को दोषी करार दिया है। बृहस्पतिवार सजा सुनाए जाने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।सिविल लाइंस के रामगंगा विहार में 12 जनवरी 2022 को स्पोर्ट्स सामान के कारोबारी कुशांक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दीन दयाल नगर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक, पाकबड़ा के गिंदौड़ा निवासी केशव सरन शर्मा और भोजपुर के हुमायूंपुर निवासी खुशवंत उर्फ भीम को गिरफ्तार किया था।पुलिस ने दावा किया था कि ललित कौशिक ने सुपारी देकर आरोपी शूटर भीम और केशव से कुशांक गुप्ता की हत्या कराई थी। इसके बाद पुलिस ने सिविल लाइंस थाने में तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को इस मामले में सुनवाई हुई। मुख्य आरोपी ललित कौशिक को बलरामपुर जेल और खुशवंत सिंह उर्फ भीम को मुरादाबाद जेल से तलब किया गया। उधर, केशव जमानत पर चल रहा था, वह भी कोर्ट में हाजिर हुआ। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद तीनों आरोपी ललित कौशिक, केशव और खुशवंत उर्फ भीम को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार दिया। बृहस्पतिवार को तीनों को जेल भेज दिया गया।



# शिक्षण संस्थानों में नेटवर्क खड़ा कर रहा था हारिश, पूछताछ में संदिग्ध आतंकी हारिश के चौंकाने वाले खुलासे

संदिग्ध आतंकी हारिश ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। हारिश शिक्षण संस्थानों में नेटवर्क खड़ा कर रहा था। हारिश मुरादाबाद के अलावा, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा के बड़े-बड़े कॉलेजों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। संदिग्ध आतंकी हारिश केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं था, वह मुरादाबाद समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई शिक्षण संस्थानों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वह आकाओं से मिले निर्देश पर शिक्षण संस्थानों के छात्रों को अपने साथ छोड़ रहा था। यह बात एटीएस की पूछताछ में सामने आई है।सहारनपुर निवासी हारिश मुरादाबाद के एक कॉलेज से बीडीएस कर रहा था। वह कॉलेज के ही हॉस्टल में शामली निवासी छात्र के साथ रहता था। वह ज्यादा समय कमरे में ही रहता और मोबाइल व लैपटॉप पर देर रात तक व्यस्त रहता था। ऑनलाइन ही आईएस के संपर्क में आया था। एटीएस ने उसकी गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी थी। 15 मार्च को लखनऊ से आई एटीएस ने हारिश को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उसे लखनऊ ले गई थी। एटीएस ने मंगलवार को उसे पांच दिन की रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि हारिश मुरादाबाद के अलावा, गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा के बड़े-बड़े कॉलेजों में अपना नेटवर्क खड़ा कर रहा था। वहां के छात्रों को अपने साथ छोड़ रहा था। वह अपने साथ छात्रों की एक बड़ी फौज तैयार कर रहा था। एटीएस ने इसके अन्य साथियों की तलाश भी शुरू कर दी है। क्रिप्टो करेंसी के जरिये हो रही थी टेरर फंडिंग, बम बनाना भी सीख रहा था हारिश टेरर फंडिंग के लिए क्रिप्टो करेंसी के जरिये रकम जुटा रहा था। बीते दो वर्षों के दौरान हारिश और उसके करीबियों के बैंक खातों में क्रिप्टो करेंसी के जरिये लाखों रुपये भेजे गए थे। हारिश को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर एटीएस द्वारा की जा रही पूछताछ में इसका खुलासा हुआ है। एटीएस उसके करीबियों का पता भी लगा रही है। सहारनपुर निवासी हारिश ने नीट की तैयारी के साथ ही आईएस की जिहादी गतिविधियों में रुचि लेनी शुरू कर दी थी। उसके मोबाइल की जांच में इसके पुख्ता प्रमाण मिले हैं। वह बम बनाने का ऑनलाइन प्रशिक्षण भी हासिल कर रहा था। इसके लिए उसके हैंडलर्स ने कई वेबसाइट के लिंक भेजे थे। साथ ही उससे टेरर फंडिंग के लिए अपने साथियों की मदद लेने को कहा, जिसके बाद क्रिप्टो करेंसी के जरिये फंडिंग जुटानी शुरू कर दी। एटीएस ने जब उसके मोबाइल और लैपटॉप की फॉरेंसिक जांच कराई तो उसके हैंडलर्स के आईपी एड्रेस सीरिया, पाकिस्तान व अफगानिस्तान के आसपास के मिले। एटीएस हारिश के ग्रुप से जुड़े अन्य युवाओं को भी तलाश रही है, जिसमें कई नाबालिग भी हैं।



# ईरानी संकट के बीच स्प्रिंग फेयर के ऑर्डर पर चिंता बरकरार

मुरादाबाद। पिछले माह आयोजित स्प्रिंग फेयर में पीतलनगरी के निर्यातकों और विदेशी बायर्स के बीच हुए ऑर्डर को लेकर चल रही चर्चाओं पर अब पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और ईरानी संकट का असर दिख रहा है। निर्यातकों का कहना है कि फेयर के दौरान जिन ऑर्डरों को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई थी, उनमें से कुछ गल्फ देशों के ऑर्डर फिलहाल होल्ड पर चले गए हैं। इससे निर्यातकों की चिंता बरकरार है। मेटल हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नावेद उर रहमान ने बताया कि स्प्रिंग फेयर के दौरान कई देशों के बायर्स के साथ ऑर्डर को लेकर अच्छी बातचीत हुई थी। हालांकि हालिया ईरानी संकट के चलते गल्फ क्षेत्र के कुछ बायर्स ने ऑर्डर को फिलहाल रोक दिया है या निर्णय टाल दिया है। वहीं यूरोप, अमेरिका और अन्य देशों से आने वाले ऑर्डर पर अभी तक कोई खास असर नहीं पड़ा है

और वहां की मांग सामान्य बनी हुई है। फेयर का आयोजन फरवरी में होना निर्यातकों के लिए राहत की बात रहा। यदि यह आयोजन मार्च या अप्रैल में होता तो मौजूदा हालात के चलते निर्यातकों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता था और कई संभावित ऑर्डर प्रभावित हो जाते।लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री अमित अग्रवाल ने बताया कि स्प्रिंग फेयर के दौरान जिन बायर्स से ऑर्डर को लेकर बातचीत हुई थी, उनमें से कई ऑर्डर अभी प्रोसेस में थे। लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण अब इन ऑर्डरों को अंतिम रूप लेने में समय लग रहा है। उनका कहना है कि निर्यातक उम्मीद कर रहे हैं कि हालात सामान्य होने के बाद ये ऑर्डर दोबारा गति पकड़ेंगे। मुरादाबाद के पीतल और मेटल हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत मांग है। ऐसे में यदि वैश्विक हालात स्थिर रहते हैं तो आने वाले महीनों में निर्यात गतिविधियों में फिर से तेजी देखने को मिल सकती है। मुरादाबाद से 11 हजार करोड़ का निर्यात- मुरादाबाद से हर साल करीब 11 हजार करोड़ रुपये के पीतल और अन्य मेटल उत्पादों का निर्यात विभिन्न देशों में किया जाता है। इसमें करीब 25 से 30 प्रतिशत निर्यात गल्फ देशों में होता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में पैदा होने वाली किसी भी तरह की अस्थिरता का असर पीतलनगरी के निर्यात कारोबार पर हर बार पड़ने की आशंका रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सागर को आरडीए ने भेजा नोटिस

रामपुर। सपा के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सागर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। आरडीए (रामपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी) ने उनके आदर्श कॉलोनी स्थित मकान का नक्शे से अधिक निर्माण बताते हुए नोटिस जारी किया है। वहीं, बुधवार को प्रशासनिक टीम ने उनके गन हाउस का निरीक्षण किया और संबंधित प्रपत्र अपने कब्जे में लिए हैं।इससे पहले जिला प्रशासन सुरेंद्र सागर से जुड़े तीन पेट्रोल पंपों पर कार्रवाई कर चुका है। यह मामला उनके बेटे हिमांशु सागर और भतीजे नितिन से जुड़ा है। 14 जनवरी की रात इंडियन ऑयल कंपनी के फील्ड ऑफिसर अनिल कुमार के घर के बाहर खड़ी कार पर फायरिंग हुई थी। पुलिस जांच में आरोपियों के रूप में हिमांशु और नितिन के नाम सामने आए। दो माह पहले दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, और अब वे जमानत पर रिहा हैं।इस घटना के बाद पुलिस ने सुरेंद्र सागर की पिस्टल का लाइसेंस निरस्त कर दिया था और उनसे जुड़े तीन पेट्रोल पंप पर कार्रवाई की थी। अब आरडीए ने आदर्श कॉलोनी स्थित आवास में नक्शे से अधिक निर्माण को लेकर उनसे जवाब मांगा है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि दिसंबर में इस संबंध में नोटिस दिया गया था, जिसका रिमाइंडर भेजा गया है। गन हाउस की जांच कर प्रपत्र कब्जे में लेकर आगे की जांच की जा रही है। सपा नेता सुरेंद्र सागर का कहना है कि वह फिलहाल लखनऊ में हैं और उन्हें नोटिस व गन हाउस जांच की जानकारी है। वह डीएम से मिलकर बात करेंगे।

### मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकली, फूल और गुलाल से स्वागत

बिलासपुर। क्षेत्र के ग्राम सदराखेड़ा में बुधवार को नवरात्र के अवसर पर ग्रामीणों ने मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली। श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का जगह-जगह फूल व गुलाल बरसाकर स्वागत किया। इसके बाद देवी स्थल पर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।बुधवार सुबह श्रद्धालु गांव के देवी स्थल पर एकत्र हुए, जहां से मां दुर्गा की प्रतिमा की शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा पूरे गांव में भ्रमण करने के बाद पुनः देवी स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु बैंडबाजों की धुन पर भक्ति नृत्य करते हुए चल रहे थे और जयकारे लगा रहे थे। जगह-जगह लोगों ने फूल और अबीर-गुलाल बरसाकर स्वागत किया।मां दुर्गा की सुसज्जित झांकी के समक्ष श्रद्धालुओं ने माथा टेककर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद विद्वान ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई। भजन-कीर्तन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान परमजीत कौर, जोगेंद्र सिंह बिट्टू, कमल सिंह यादव, रंजीत सिंह दिबाकर, शकुंतला देवी, किशन लाल, हुकुम सिंह, द्रोपदी देवी, भूकन लाल आदि मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने फिर उठाई मेडिकल कॉलेज की मांग

रामपुर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने एक बार फिर जिले में मेडिकल कॉलेज बनवाने की मांग की है। व्यापारी बुधवार सुबह करीब 11 बजे तिलक नगर कॉलोनी में जमा हुए।

इसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ दीपा सिंह से मुलाकात कर अपनी मांग रखी।युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि रामपुर की जनता को स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए मेडिकल कॉलेज की शुरुआत होना आवश्यक है। बेनजीर व जगतपुर गांव की लगभग 100 बीघा जमीन मेडिकल कॉलेज को हस्तांतरित होनी थी, जिसके लिए प्रस्ताव पूर्व में जा चुका है लेकिन लापरवाही के कारण लंबे समय बाद भी मेडिकल कॉलेज के नाम भूमि दर्ज नहीं हुई है।साथ ही पीपीई मॉडल पर स्वीकृत कराए गए मेडिकल कॉलेज के संचालन व इंवेस्टमेंट करने वाली फर्म को भी प्रदर्शित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री से व्यापार मंडल तीन बार मिलकर मेडिकल कॉलेज शुरू करवाने का प्रयास कर चुका है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसको अभी गंभीरता से नहीं लिया है।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, प्रदेश मंत्री पप्पू खां ,संरक्षक शाहिद मामू, संगठन मंत्री गोपाल शर्मा, राहुल सैनी, जमीर आदि मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, चकरोड बंद होने से पीड़िता परेशान

**♦ पांच बार शिकायत के बावजूद नहीं मिली राहत, अब मंडलायुक्त से लगाई न्याय की गुहार**

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सरकार भले ही सबका साथ, सबका विकास का नारा दे रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। ताजा मामला थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव अल्हैय्या का है, जहां की निवासी सोमप्रभा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, ग्राम प्रधान की सह पर सरकारी चकरोड पर अवैध रूप से दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे आम रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। इस समस्या



को लेकर उन्होंने पांच बार समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हर बार स्थानीय अधिकारियों द्वारा फर्जी रिपोर्ट लगाकर मामले को दबा दिया गया। न्याय न मिलने से निराश पीड़िता ने अब मंडलायुक्त को लिखित शिकायत देकर साक्ष्यों के साथ कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि जैसे ही इस शिकायत की भनक स्थानीय अधिकारियों को लगी, प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। अब देखना होगा कि मंडलायुक्त स्तर से इस मामले में क्या कार्रवाई होती है और पीड़िता को न्याय मिल पाता है या नहीं।

# आईसीएआई बरेली शाखा द्वारा बैंक ऑडिट पर सेमिनार, विशेषज्ञों ने साझा किए महत्वपूर्ण अनुभव

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । The Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) की बरेली शाखा (CIRC) द्वारा बैंक ऑडिट विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक सेमिनार का आयोजन किया गया। आगामी बैंक ऑडिट सत्र को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बैंक ऑडिट से जुड़े व्यावहारिक, तकनीकी और नियामकीय पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज टंडन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बदलते बैंकिंग परिवेश में ऑडिटर्स की भूमिका लगातार महत्वपूर्ण होती जा रही है। उन्होंने पारदर्शी और मजबूत बैंकिंग प्रणाली के लिए गुणवत्तापूर्ण ऑडिट को आवश्यक बताया और बैंक एवं ऑडिटर्स के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

सेमिनार के प्रथम सत्र में सीए अनिरुद्ध तिवारी ने बैंक ऑडिट की योजना, जोखिम आधारित दृष्टिकोण, एनपीए की पहचान, आय की मान्यता और प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि ऑडिट के दौरान सतर्कता और सही प्रोफेशनल जजमेंट अत्यंत आवश्यक है।

द्वितीय सत्र में सीए राजीव गुप्ता ने बैंक ऑडिट के तकनीकी पहलुओं और रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को समझाया। उन्होंने कृषि ऋण, एलएएफआर (LFAR), डॉक्यूमेंटेशन और बदलते नियामकीय प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

साथ ही डिजिटल बैंकिंग के दौर में ऑडिटर्स को अपडेट रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए अरुण अग्रवाल ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि बैंक ऑडिट में पारदर्शिता, निष्पक्षता और नैतिक मूल्यों का विशेष महत्व है तथा सदस्यों को निरंतर ज्ञानवर्धन की दिशा में कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष सीए नीरज अग्रवाल, सचिव सीए गौरव अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीए विनीश अरोड़ा सहित सीए अमित टंडन, प्रदीप तिवारी, रीतेश अग्रवाल, राजन विद्यार्थी, दीपक मंगल, मोहम्मद नज़र, मनोज माहेश्वरी, शुभम मिश्रा और साहिल गुप्ता समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया, जिससे सेमिनार और अधिक प्रभावी बन गया।

अंत में आयोजकों द्वारा सभी वक्ताओं, मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। प्रतिभागियों ने इस सेमिनार को बेहद उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा जताई।

# अवैध अस्पतालों का जाल बना खतरा, अमरिया में स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार/ पीलीभीत / पीलीभीत/ अमरिया। जनपद के अमरिया क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति सामने आ रही है। क्षेत्र में अवैध अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब्स, क्लीनिकों, मेडिकल स्टोर्स और एक्स-रे सेंटरों का जाल तेजी से फैलता जा रहा है, जो अब लोगों की सेवा के बजाय उनके जीवन के लिए खतरा बनता दिख रहा है।

जानकारी के अनुसार, कई जगहों पर बिना मान्यता प्राप्त डिग्री और पंजीकरण के तथाकथित डॉक्टर इलाज कर रहे हैं। ये लोग गंभीर बीमारियों के उपचार का दावा करते हैं, जिससे अनजान और ग्रामीण लोग इनके झांसे में आकर अपनी सेहत को जोखिम में डाल रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में कई पैथोलॉजी लैब्स बिना योग्य पैथालॉजिस्ट के संचालित हो रही हैं। यहां जांच रिपोर्ट मनमाने तरीके से तैयार की जाती हैं, जिससे मरीजों को गलत बीमारी की जानकारी मिलती है और वे गलत इलाज के शिकार




हो जाते हैं। इससे न सिर्फ बीमारी बढ़ती है, बल्कि समय और धन की भी भारी हानि होती है।

इसी तरह कई एक्स-रे सेंटरों पर प्रशिक्षित टेक्नीशियन का अभाव है। अनुभवहीन लोगों द्वारा मशीनों का संचालन किए जाने से रिपोर्ट की सटीकता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, जो मरीजों के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

वहीं, क्षेत्र के कुछ मेडिकल स्टोर्स पर बिना लाइसेंस या नियमों की अनदेखी कर दवाइयों की बिक्री की जा रही है। कई स्थानों पर बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवाएं दी जा रही हैं, जो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकती हैं।

इतने बड़े स्तर पर अवैध चिकित्सा इकाइयों के संचालन से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो यह समस्या और भी विकराल रूप ले सकती है।

मामले में अमरिया सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिकेत गंगवार ने बताया कि अवैध रूप से संचालित सभी चिकित्सा इकाइयों की जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध अस्पतालों और लैब्स पर तत्काल छापेमारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या अमरिया में चल रहा यह 'स्वास्थ्य माफिया' यूं ही फलता-फूलता रहेगा, या प्रशासन समय रहते इन पर शिकंजा कस पाएगा।

# बारादरी पुलिस ने 10 लाख की अफीम के साथ किया गिरफ्तार, साथी फरार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। थाना बारादरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 528 ग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 10 लाख रुपये बताई जा रही है।



दिनांक 26 मार्च 2026 को थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान नाग देवता मंदिर के पास से सुरेन्द्र (उम्र 20 वर्ष ) पुत्र राममूर्तिलाल निवासी ग्राम कान्धरपुर, थाना विशारतगंज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से भारी मात्रा में अवैध अफीम बरामद हुई।

गिरफतारी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट के तहत थाना बारादरी में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह खेती-बाड़ी करता है और 10वीं तक पढ़ा है। गांव के ही कल्लू राजपूत ने उसे ज्यादा पैसे कमाने का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया। उसी से अफीम लेकर वह बेचने जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया ।

इस मामले में कल्लू राजपूत पुत्र लखपत निवासी ग्राम कान्धरपुर को नामजद किया गया है, जो फिलहाल फरार है। पुलिस उसकी गिरफतारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पाण्डेय, उपनिरीक्षक मनीष भारद्वाज, उपनिरीक्षक सौरभ तोमर, हेड कांस्टेबल धनवीर सिंह और कांस्टेबल देवेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# ब्रेस्ट कैंसर और महिलाओं की सेहत, जागरूकता और समय पर पहचान है बेहद ज़रूरी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली- महिलाओं की सेहत पर अक्सर अलग-अलग हिस्सों में बात होती है- कहीं फर्टिलिटी, कहीं हार्मोन, तो कहीं उम्र बढ़ने से जुड़ी समस्याएं। लेकिन असल में इसका मूल उद्देश्य है एक ऐसी ज़िंदगी जीना जो सम्मान, आत्मविश्वास और मजबूती से भरी हो। इसी संदर्भ में ब्रेस्ट कैंसर एक बेहद अहम और गंभीर विषय बनकर सामने आता है। यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि लाखों महिलाओं और उनके परिवारों की वास्तविकता है। भारत समेत दुनियाभर में यह महिलाओं में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले कैंसर में से एक है, जो हर वर्ग, क्षेत्र और पृष्ठभूमि को प्रभावित करता है। हर एक डायग्नोसिस के पीछे एक महिला होती है, जो अपने शरीर,




पहचान और भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण फैसलों का सामना कर रही होती है। इसलिए महिलाओं की सेहत पर कोई भी सार्थक चर्चा ब्रेस्ट कैंसर को स्पष्टता, वैज्ञानिक समझ और गंभीरता के साथ शामिल किए बिना अधूरी है। समय पर पहचान (अर्ली डिटेक्शन) ब्रेस्ट कैंसर के इलाज में सबसे बड़ा फर्क डालती है। शुरुआती स्टेज में पकड़े गए मामलों में इलाज के परिणाम कहीं बेहतर होते हैं। इसलिए नियमित स्क्रीनिंग बेहद जरूरी है। आमतौर पर 40 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को डॉक्टर की सलाह के अनुसार मैमोग्राफी करवानी चाहिए, जबकि जिन महिलाओं के परिवार में कैंसर का इतिहास है, उन्हें पहले से ही जांच शुरू करने की जरूरत हो सकती है। इसके साथ ही सेल्फ-ब्रेस्ट एग्जामिनेशन भी उपयोगी है। महिलाओं को अपने ब्रेस्ट के सामान्य लुक और फील के बारे में जागरूक होना चाहिए। अगर कोई नया गांठ (लंप), निप्पल से डिस्चार्ज, त्वचा में गड्ढा पड़ना, लालिमा, लगातार दर्द या ब्रेस्ट के आकार में बदलाव नजर आए, तो तुरंत डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए। हालांकि ब्रेस्ट कैंसर को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, लेकिन स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इसके जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# नाला हादसा 30 घंटे चला रेस्क्यू , तब निकाला जा सका युवक का शव



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। सेटेलाइट बस स्टैंड पर मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे खुले नाले में गिरे युवक का शव 30 घंटे बाद तलाश लिया गया। मृतक युवक का नाम तौहीद था, जो जिला हरदोई का निवासी निकला। थाना प्रभारी धनंजय पांडे के मुताबिक तौहीद पुत्र रईस हरदोई के मोहल्ला शाहाबाद देहात का निवासी था। वह मंगलवार रात सेटेलाइट स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। उसकी जेब में मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी। पता चला कि वह रुद्रपुर की जैन कंपनी में ड्राइवर था। पानी के तेज बहाव की वजह से उसका शव नाले में काफी दूर बह गया था। चूंकि उसे लोगों ने गिरते हुए देखा था और इस घटनाक्रम का सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद था। इसलिए कई जेसीबी और कर्मचारी लगाकर लगातार अभियान चलाया गया। इसके बाद सफलता मिल गई। सूचना पर तौहीद के परिजन भी बरेली पहुंच गए। उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि परिवार चाहेगा तो रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं को उनके सम्मान सुरक्षा के हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूक कराया

